नोएडा/गाजियाबाद संस्करण

पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

गुरुवार 12 अप्रैल, 2018 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 30 चैत्र 2075

कलाम बनने को करनी होगी कड़ी मेहनत

मां, मातृभूमि और मातृभाषा को कभी नहीं भूलना चाहिए: उपराष्ट्रपति

ग्रेटर नोएडा,(पंजाब केसरी): बिमटेक संस्थान के 30वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कहा कि विद्यार्थियों को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की तरह ही उच्च उद्देश्य रखने की और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मां, मातृभूमि और मातृभाषा को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य ऊंचा और कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। बिमटेक के निदेशक, डॉ. एच. चतुर्वेदी ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस समारोह में डीएम बीएन सिंह, एक्साइज मिनिस्टर जय प्रताप सिंह, एसएसपी डॉक्टर अजय पाल और चेयरपर्सन ऑफ बिमटेक जयश्री मेहता एवं अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में स्नातकोत्तर डिप्लोमा-जनरल,

इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित बिमटेक के दीक्षांत समारोह में छात्रा को डिप्लोमा प्रदान करते उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू। (छाया:विकास)

इंश्योरेंस, रिटेल मैनेजमेंट और इंटरनेशनल बिजनेस के छात्र-छात्रा शामिल थे। पीजीडीएम में पहले स्थान के लिए आदित्य वर्धन को स्वर्ण पदक, पीजीडीएम (आईबी) में पहले स्थान के लिए शल्लिका सिंह को स्वर्ण पदक, पीजीडीएम (आईबीएम) में यशस्वी अग्रवाल को स्वर्ण पदक, पीजीडीएम (आरएम) में प्रवीण कुमार को स्वर्ण पदक, पीजीडीएम में विपणन विशेषज्ञता स्ट्रीम में सोनाली गुप्ता को विशेष पदक, ऑपरेशन्स विशेषज्ञता स्ट्रीम में रोसी आरा थॉमस को विशेष पदक, फाइनेंस विशेषज्ञता स्ट्रीम में आदित्य वर्धन को विशेष पदक, मानव संसाधन की विशेष स्ट्रीम में दिव्या नेगी को

- श्रेष्ठ थिसिस के लिए सुजाता को सरला देवी बिरला अवार्ड से नवाजा

विशेष पदक, डॉ. सी.बी.गुप्ता मेमोरियल पदक पुरुष में प्रवीण कुमार को, यशोदा जाजू मेमोरियल मेडल महिला का पुरस्कार शल्लिका सिंह को ही दिया गया। माधुरी जे. सेठ पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ अकादमीक प्रदर्शन के लिए महिला छात्रों में तन्वी जैन को, माधुरी जे सेठ पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ अकादमी प्रदर्शन के लिए, पीजीडीएम (इंटरनेशनल बिजनेस) में महिला छात्राओं में पुनः शल्लिका सिंह को मिला। श्रेष्ठ थिसिस के लिए सरला देवी बिरला अवार्ड सुजाता को दिया गया। श्रेष्ठ थीसिस के लिए जगदीश एन सेठ अवार्ड डॉ. अमरेंद्र पांडेय और डॉ. हिमांशु गुप्ता को दिया गया।